कतर के अमीर, महामहिम शेख तमिम बिन हमद अल थानी के सम्मान में आयोजित राजभोज के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली : 25 मार्च, 2015

महामहिम, शेख तमिम बिन हमद अल थानी,
महामहिमगण,
देवियो और सज्जनो,

मुझे, भारत की प्रथम यात्रा पर महामहिम शेख तमिम बिन हमद अल थानी तथा आपके शिष्टमंडल के विशिष्ट सदस्यों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

हमारे मन में आपके आदरणीय पिता, महामहिम शेख हमद बिन खलीफा अल थानी की 1999, 2005 तथा 2012 में भारत की यादगार यात्राओं की खूबसूरत यादें तथा जीवंत स्मृतियां मौजूद हैं। हमारे मन में 2006 में महामान्या शेखा मौज़ा की भारत यात्रा की भी यादें हैं। ये हमारे संबंधों में महत्त्वपूर्ण पड़ाव हैं।

नवंबर, 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की आपके देश की यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के और मजबूत होने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बनी।

महामहिम, हमारे दो देशों के बीच भौगोलिक निकटता तथा सांस्कृतिक समानताओं पर आधारित प्रगाढ़ तथा समृद्ध ऐतिहासिक संपर्क रहे हैं। कतर हमारे विस्तारित पड़ोस का हिस्सा है। हमारे सभ्यतागत संपर्क, हमारे पारस्परिक रूप में लाभदायक, बढ़ते हुए आर्थिक तथा

वाणिज्यिक आदान-प्रदानों तथा जनता के आपसी संपर्कों के रूप में परिलक्षित होते हैं। हम, अपने व्यापार तथा निवेश संबंधों में मौजूद क्षमताओं को साकार करने के लिए मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं।

उच्चतम् मानकों वाली अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के निष्पादन के क्षेत्र में हमारी विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के समृद्ध अनुभव से कतर के हमारे मित्र लाभ उठा सकते हैं। हमें विश्वास है कि वे कतर की आर्थिक प्रगति में अच्छे साझीदार बनेंगे तथा 2022 के फीफा विश्व कप की तैयारियों में आपके देश को सार्थक योगदान देंगे।

भारत ऊर्जा के विश्वसनीय स्रोत के रूप में कतर को अत्यधिक महत्त्व देता है। यही समय है जब हम अपने वाणिज्यिक तालमेलों को, भारत में रिफाइनरी तथा पेट्रोकैमिकल परियोजनाओं के भारत-कतर संयुक्त उपक्रमों तथा तीसरे देशों में संयुक्त खोज के माध्यम से मजबूत ऊर्जा साझीदारी में बदलें।

महामहिम, भारत मौजूदा समय में विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अपनी जनता की उचित आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें समावेशी तथा उच्च-प्रगति के मार्ग पर बढ़ते रहना होगा। इसके लिए आने वाले वर्षों में विद्युत, बंदरगाह, राजमार्ग, आपूर्ति शृंखला तथा भंडारण आदि सहित, हमारे अवसंरचना सेक्टर में एक ट्रिलियन अमरीकी डालर से अधिक की पूंजी लगाने की जरूरत होगी।

भारत, कतर के निवेशकों और उद्यमियों को भारत के अवसंरचना सेक्टर पर नजर डालने तथा 'भारत में निर्माण' तथा 'डिजटल भारत' की हमारी सरकार की पहलों में सहभागिता के लिए निमंत्रण देता है। हमारी

‘100 स्मार्ट शहर’ परियोजना विदेशी सहभागिता के लिए खुली है। निर्माण, रेल तथा रक्षा सेक्टरों में विदेशी निवेश की उच्चतम् सीमा में ढील दी गई है। हम समान हित के क्षेत्रों में नई साझीदारियों और सहयोगों के प्रति आशान्वित हैं।

महामहिम, कतर ने बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों को खुलकर गले लगाया है तथा उन्हें प्रगति करने तथा समद्धि की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया है, जिसके लिए हम आपके हृदय से आभारी हैं। कतर में मौजूद भारतीय समुदाय ने अपने मेजबान देश के विकास और प्रगति में जो सकारात्मक योगदान दिया है, उसे समुचित मान्यता तथा सराहना मिली है। हमें उनकी सुरक्षा तथा कुशलता सुनिश्चित करने में महामहिम के निरंतर सहयोग का भरोसा है।

महामहिम, आप ऐसे क्षेत्र से आते हैं जो हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। पश्चिम एशिया में शांति तथा स्थिरता हमारे दोनों के हित में हैं। हम दोनों को प्रभावित करने वाले आतंकवाद तथा समुद्री लुटेरों का सामना करने के लिए हमारा सहयोग जरूरी है।

भारत और हमारी जनता के प्रति आपके आत्मीय प्रेम तथा हमारे प्रगाढ़ संबधों को मजबूत करने के प्रति महामहिम के पिता अमीर की प्रतिबद्धता और योगदान को हम अत्यधिक मूल्यवान मानते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यह यात्रा हमारे श्रेष्ठ द्विपक्षीय रिश्तों में एक शानदार अध्याय का सूत्रपात करेगी।

इन्हीं शब्दों के साथ, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिलकर:

- महामहिम शेख तमिम बिन हमद अल थानी के निरंतर स्वास्थ्य एवं खुशहाली,;
- भारत और कतर के बीच बढ़ते सहयोग; तथा
- हमारी जनता के बीच निरंतर मैत्री के लिए, कामना करें।